OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, CONST.
DIVISION, P.W.D. CHAMBA (TEHRI GARHWAL) PIN- 249 145
Website-http://pwd.uk.gov.in I.D.-eicpwduk@nic.in E-Mail- eepwdchamba@rediffmail.com

पत्रांकः– दिनांक 11/06/2025

सेवा में,

प्रभागीय वनाधिकारी
टिहरी गढ़वाल।

विषयः– जनपद टिहरी गढ़वाल के विधानसभा क्षेत्र टिहरी में राज्य योजना के अन्तर्गत टिहरी चम्बा मोटर मार्ग के साबली खाल से कन्या जूनियर हाई स्कूल चवालखेत होकर बुडोगी गांव तक मिसिंग लिंक मोटर मार्ग का नव निर्माण कार्य (0.7875है0) वन भूमि का गैर वानिकी कार्यो हेतु लोक निर्माण का प्रत्यावर्तन (ऑनलाईन प्रस्ताव संख्या–FP/UK/ROAD/144989/2021) संयुक्त निरीक्षण के संबंध में।

सन्दर्भः– आपका पत्रांक–2138/12–1नई टिहरी दिनांक–27.03.2025 एवं पत्रांक सं0–3882/12–1 दिनांक–09.05.2025

महोदय,

उपरोक्त विषयक सन्दर्भित पत्र के क्रम में अवगत कराना है, कि मोटर मार्ग के प्रस्ताव के अनुसार आरक्षित वन भूमि पर विभिन्न व्यासवर्ग के चीड़ प्रजाति के 100 वृक्ष तथा नाप/सिविल सोयम भूमि में विभिन्न प्रजाति व व्यासवर्ग के 413 वृक्ष अर्थात 513 वृक्ष प्रभावित हो रहे है। परन्तु प्रस्ताव में कुल 413 वृक्षों में से नाप भूमि तथा सिविल सोयम भूमि में पृथक–पृथक कितने वृक्ष प्रभावित हो रहे है कि स्थिति स्पष्ट नहीं हो पा रही है। जिस हेतु संयुक्त निरीक्षण किया जाना है, आपके सन्दर्भित पत्र द्वारा संयुक्त निरीक्षण हेतु दिनांक 15.05.2025 को निर्धारित की गयी थी, उक्त तिथि में तहसील प्रतापनगर क्षेत्र के अन्तर्गत अन्य वनभूमि का संयुक्त निरीक्षण होने के कारण सम्बन्धित अधिकारी/कर्मचारी उस तिथि को उपरोक्त संयुक्त निरीक्षण में उपस्थित नहीं हो सके।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त मोटर मार्ग पर संयुक्त निरीक्षण की तिथि पुनः निर्धारित कर इस कार्यालय को सूचित करने का कष्ट करें।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, चम्बा

पत्रांक 1138 / 13 mg तददिनांक

प्रतिलिपिः– ई0 श्री हरगोविन्द सिंह, सहायक अभियन्ता, नि0ख0,लो0नि0वि0, चम्बा को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपिः– तहसीलदार नई टिहरी, टिहरी गढ़वाल, को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपिः– अपर सहायक अभियन्ता/खण्डीय अमीन, निर्माण खण्ड, लो.नि.वि. चम्बा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यावाही हेतु प्रेषित।

अधिशासी अभियन्ता
निर्माण खण्ड, लो0नि0वि0, चम्बा

Scanned with OKEN Scanner